बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 30 जुलाई, 2026

- आज दिनांक–30.07.2026 को 182–बाँकीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए उप निर्वाचन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मतदान की अवधि पूर्वाहन 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक निर्धारित थी।
- 182–बाँकीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या– 422 तथा मतदान केन्द्र स्थलों की कुल संख्या – 162 है।
- अपराह्न 6:00 बजे तक अद्यतन किये गये डाटा के अनुसार मतदान प्रतिशत 34.30 रहा।
- 182–बाँकीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचकों की संख्या निम्नवत हैः–

| No. & Name of AC | Male | Female | Third Gender | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 182-Bankipur | 2,00,060 | 1,79,533 | 23 | 3,79,616 |

- निर्वाचन लड़ने वाले कुल अभ्यर्थियों की संख्या–25 है, जिसमें 23 पुरुष तथा 2 महिला अभ्यर्थी हैं।
- इस उप निर्वाचन में रिजर्व सहित कुल 569 कंट्रोल यूनिट, 1146 बैलेट यूनिट तथा 617 VVPAT का उपयोग हुआ है। आज मॉक पोल के दौरान कुल 15 बैलेट यूनिट, 10 कंट्रोल यूनिट तथा 08 VVPAT बदले गये, जबकि मतदान के दौरान 14 बैलेट यूनिट, 07 कंट्रोल यूनिट तथा 09 VVPAT बदले गये हैं।
- उप निर्वाचन के अवसर पर कुल 30 मॉडल मतदान केन्द्र बनाये गये। साथ ही 01 मतदान केन्द्र पूर्णरूपेण महिलाओं द्वारा एवं 01 मतदान केन्द्र पूर्णरूपेण PwD द्वारा संचालित किया गया।
- इसके अतिरिक्त कुल 422 मतदान केन्द्रों से लाईव वेबकास्टिंग किया गया है।

- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की संख्या निम्नवत् है :–
    - सामान्य प्रेक्षक – 01
    - अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण हेतु प्रेक्षक– 01
    - पुलिस प्रेक्षक– 01
- आज मतदान के दौरान विभागीय नियंत्रण कक्ष में कुल 59 शिकायत प्राप्त हुए। उक्त सभी शिकायतों का ससमय निष्पादन कर दिया गया।
- चुनाव को स्वच्छ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने एवं विधि–व्यवस्था संधारण हेतु 14 कम्पनी CAPF (केन्द्रीय बल), 08 कम्पनी BSAP के अतिरिक्त 268 की संख्या में जवान तथा 221 पुलिस पदाधिकारी एवं 998 जिला पुलिस बल के जवान की प्रतिनियुक्ति की गयी थी।
- सुरक्षा के साथ–साथ सुविधा के मद्देनजर मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को कतारबद्ध करने में सहायता हेतु 500 गृहरक्षक बल की भी प्रतिनियुक्ति की गयी।
- मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु मोटर बोट सहित एस0डी0आर0एफ0, श्वान दस्ता, बम डिस्पोजल एवं सुरक्षा के अन्य संसाधनों की मुकम्मल व्यवस्था की गयी थी। आपातकालीन सेवा हेतु डायल 112 की ERV वाहन पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किये गये थे।
- अवैध एवं अवांछित गतिविधियों पर निगरानी हेतु बनाये गये सभी 85 चेक–पोस्टों पर बल की तैनाती कर सुरक्षा एवं विधि–व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया।
- FST, SST एवं CAPF के संयुक्त कार्रवाई में करीब 14,30,418 रूपये मूल्य के 2412.18 लीटर शराब, करीब 39,200 रूपये मूल्य के 01.98gm मादक पदार्थ (Drugs) तथा 3,95,000 रूपये की नकद राशि बरामद की गई है।
- सम्पूर्ण चुनावी प्रक्रिया के दौरान पुलिस द्वारा असमाजिक एवं चुनाव को प्रभावित करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखी गयी तथा ऐसे लोगों की पहचान कर 2454 व्यक्तियों के विरूद्ध विधि–सम्मत तरीके से निरोधात्मक कारवाई की गई।
- विधानसभा उप–चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ–साथ गैर जमानतीय वारंट/इश्तेहार एवं कुर्की जप्ती का

तामिला हेतु अभियान चलाया गया जिसमें चुनाव की घोषणा से लेकर अबतक कुल 998 गैर जमानतीय वारंटों (NBW) का निष्पादन किया जा चुका है।

- सोशल मिडिया के माध्यम से फेक न्यूज/अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी गयी तथा सोशल मिडिया हैण्डल के माध्यम से 24X7 लगातार निगरानी कराकर गलत खबरों को त्वरित रूप से खंडन किया जा रहा है।
- दिनांक–02.07.2026 से दिनांक–29.07.2026 तक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित कुल 05 मामले दर्ज किये गये।
- आज दिनांक–30.07.2026 को अबतक प्राप्त जानकारी के अनुसार 39 व्यक्तियों को गिरफ्तार/निरूद्ध किया गया है।
- आज मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।

**************